# संकल्प एक प्रयास सोसाइटी भिलाई
सपनों को सशक्त करना , भविष्य को बनाना



# सीख

## सीख परियोजना का परिचय

- संकल्प एक प्रयास सीख परियोजना का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण भौगोलिक क्षेत्रों के वंचित बच्चों को सशक्त बनाना है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित बच्चों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच के संबंध में सामना की जाने वाली चुनौतियों का समाधान करना है।
- प्राथमिक लक्ष्य इन बच्चों को समग्र विकास के लिए व्यापक शैक्षिक सहायता और अवसर प्रदान करना है।







www.sankalpekprayas.org

ऑफिस पता -
विराट नगर उतई
जिला - दुर्ग छत्तीसगढ़

## लक्ष्य जनसंख्या में पृष्ठभूमि/आवश्यकता: -

"संकल्प एक प्रयास" समाज के वंचित और अशिक्षित वर्ग की सेवा कर रहा है। संकल्प छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सीख केंद्रों के माध्यम से हाशिए पर पड़े बच्चों के लिए पर्यावरण , गणित, हिंदी और अंग्रेजी में 03 घंटे की कक्षाएं प्रदान करता है। इसके साथ बच्चों के सर्वंगीण विकास के लिए प्रत्येक शनिवार को संगीत, कला , पुस्तकालय और सामाजिक भावनात्मक शिक्षा भी प्रदान किया जाता है | इसके लिए आस-पास के इलाकों की युवा समुदाय की महिलाओं को छत्तीसगढ़ राज्य के 5 जिलों में फैले इन 250 शिक्षण संसाधन केन्द्रों को चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। सीख फेलोशिप के माध्यम से, इन सामुदायिक शिक्षकों को अन्य स्वयंसेवी शिक्षकों को सलाह देने और प्राथमिक-ग्रेड के सीखने के स्तर को बढ़ाने के लिए निरंतर और क्षेत्र-स्तरीय सहायता प्रदान की जाती है।

लाभान्वित जिला एवं गाँव - वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में 250 गाँवों में संकल्प एक प्रयास सीख केन्द्र संचालित हो रहा है |

**जिला**

दुर्ग
बालोद
बेमेतरा
धमतरी
राजनांदगांव

### लाभार्थी समूह

**कक्षा - पहली से पांचवी**

छत्तीसगढ़




दुर्ग
बेमेतरा
बालोद
धमतरी
राजनांदगांव

## शिक्षण संसाधन केन्द्र -

गाँव में समुदाय की सहायता से ऊनके द्वारा प्रदान किये गए सामुदायिक भवन में केन्द्र का संचालन किया जाता है |



# सीख के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम

## पीअर लर्निंग

पिअर लर्निंग साथियों से सीखने की मदद से बच्चों में नेतृत्व गुण, आत्मविश्वास, संचार कौशल और सहयोग कौशल विकसित होते हैं।





## नवोदय

चयनित बच्चों की संख्या

सत्र - 2022-2024

विधार्थी - 34

ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाई जाती है, इसमें कक्षा 5वीं के बच्चों को गणित , हिन्दी और मानसिक योग्यता की तैयारी करवाई जाती है |

## ई - मर्ज

यह कार्यक्रम स्कूलों में स्कूल समय के दौरान 2 घंटे के लिए चलाया जाता जिसमें कक्षा 1 से 5 तक सभी बच्चे लाभान्वित होते है।



## स्कूल सपोर्ट

हमने जिला शिक्षा कार्यालय के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करना तथा बच्चों की शिक्षा पर पड़ने वाले इसके प्रतिकूल प्रभाव को कम करना है।



# सीख के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम

## पालक बैठक

LRC में प्रत्येक माह 10 दिनों का पालक शिक्षक बैठक संचालित किया जाता है जिसमे बच्चों के प्रगति और चुनोतियों के ऊपर चर्चा किया जाता है






## चाईल्ड एडोप्शन

संकल्प एक प्रयास द्वारा शुरू किया गया शिक्षा अपनाने का कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में वंचित बच्चों को आवश्यक शैक्षिक संसाधन, वित्तीय सहायता और समग्र सहायता प्रदान करके उनका उत्थान करना है। यह व्यापक कार्यक्रम गरीबी के चक्र को तोड़ने और इन योग्य युवा दिमागों के लिए उज्जवल भविष्य के द्वार खोलने के लिए बनाया गया है।



## क्वालिटी सर्कल टाईम

LRCs में शनिवार को क्वालिटी सर्कल टाईम करवाया जाता है जिसमे बच्चे कक्षा में खुलकर अपनी बातो को रख पाते है, और एक - दूसरे के पसंद नापंद जैसे चीजों की जानकारी से एक - दूसरे से जुड़ते है, यह सर्कल टाईम बच्चों को पढ़ाई के अतिरिक्त सीखने का नया माहौल देता है जिसमे बच्चे सामाजिक भावनात्मक शिक्षा प्राप्त करते है

## टी एल एम्

कक्षा में बच्चों को रोचकतापूर्ण तरीके और उनकी अवधारणा को लेकर अधिक समझ के लिए टी एल एम् का उपयोग किया जाता है जिसको शिक्षक छात्रों की मदद से ही बनती है।



# हाईलाइट

- शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल समय के 3 घंटे पहले या स्कूल समय के 3 घंटे बाद सामुदायिक शिक्षण केन्द्र में पढ़ाया जाता है |

- एक केन्द्र में 2 शिक्षिकाएँ रहती है | और एक समय पर 2 कक्षाओं को एक साथ अलग - अलग शिक्षिका द्वारा पढ़ाया जाता है |

- सीख केन्द्र का शिक्षण पद्धति एक्टिव / कंस्ट्रक्टिव पद्धति (5 E's) पर आधारित है |

- केन्द्र में बच्चों को पढ़ाने के लिए संकल्प द्वारा SCERT/NCERS के लर्निंग ऑउटकम को मिलाकर इनहाउस कंटेंट डेवेलोप किया जाता है |

- बच्चों के लिए केन्द्र में पोर्टफोलियो फाइल भी बनवाया जाता है, जिसे केन्द्र में होने वाले प्रति माह के शिक्षक - पालक मीटिंग में पलकों को बच्चों का कार्य और प्रगति दिखाया जाता है |

- विषयों के प्रगति को मापने के लिए प्रति माह मासिक परीक्षण लिया जाता है |

- केन्द्र में सेल्फ असेसमेंट और पिअर असेसमेंट भी किया जाता है |

- मासिक परिक्षण सभी प्रकार के बच्चों को ध्यान में रखते हुए मौखिक एवं लिखित दोनों तरह के प्रश्नों को शामिल किया जाता है |

- सीख के प्रत्येक केन्द्र से प्रति माह बच्चों का प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा किया जाता है |

- प्रत्येक माह के अंत में उस माह के लर्निंग ऑउटकम का जाँच किया जाता है कि पूरा हो पाया है कि नहीं |
- समावेशी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी बच्चों के लर्निंग स्टाइल को ध्यान में रखकर उन्हें सुचना दिया जाता है |
- बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर सभी प्रकार कि गतिविधिया कला , संगीत , पुस्तकालय, पिअर लर्निंग एवं सामाजिक भवनात्मक ज्ञान का भी विकास किया जाता है और उसका परीक्षण किया जाता है |

# असेसमेंट्स और मूल्यांकन अभ्यास का उद्देश्य

सीख में, हम मूल्यांकन और प्रतिक्रिया के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हैं, जिसमें छात्र प्रगति को ट्रैक करने, विकास के क्षेत्रों की पहचान करने और निरंतर सुधार के लिए समय पर प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए योगात्मक और रचनात्मक आकलन दोनों शामिल हैं।

## • योगात्मक मूल्यांकन

### बेसलाइन और एंडलाइन टेस्ट:

1. प्रत्येक शैक्षणिक अवधि की शुरुआत में, हम छात्रों के पूर्व ज्ञान और कौशल का आकलन करने के लिए आधारभूत परीक्षण करते हैं।

2. इसी तरह, शैक्षणिक अवधि के अंत में, हम छात्रों की समग्र प्रगति और उपलब्धि को मापने के लिए एंडलाइन टेस्ट आयोजित करते हैं।

3.सीख में कुल 250 सेंटर्स है, जिसमे सभी सेंटर्स में 60 से अधिक छात्र रहते है, हम प्रत्येक सेन्टर से सेम्पल के लिए 30 छात्रों का बेसलाइन और एंडलाइन टेस्ट लेते है, जिसमे सभी कक्षा के 6 छात्र होते है, और ये छात्र तीन स्तरों अग्रिम, माध्यम और धीमी तीनों प्रकार के गति से सीखने वाले छात्र शामिल होते है |







4. सीख, में हम दो तरीके अपनाते हैं।

- पहले तरीके में, हम उन गांवों के छात्रों का परीक्षण करते हैं जहां सीख केंद्र संचालित होते हैं।
- दूसरे तरीके में, हम उन गांवों के छात्रों का भी बेसलाइन और एंडलाइन परीक्षण करते हैं | 
- जहां हमारा सीख केंद्र संचालित नहीं होता है।
- साथ ही परिक्षण के दौरान हम इस बात का भी ध्यान रखते है, कि जहाँ केन्द्र संचालित होता है
- वहाँ के छात्र जिस पृष्ठभूमि से है, जहाँ केन्द्र संचालित नहीं होता वहाँ के छात्र भी उसी पृष्ठभूमि से रहे |

5. ये परीक्षण हमारे निर्देशात्मक तरीकों और पाठ्यक्रम कार्यान्वयन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करते हैं।

## • योगात्मक मूल्यांकन

बेसलाइन और एंडलाइन टेस्ट रिपोर्ट :

सत्र - 2023-24

| सैम्पल साईज | विषय | बेसलाइन | एण्ड लाइन |
|---|---|---|---|
| 7500 | गणित | 41.625% | 79.5% |
| 7500 | हिन्दी | 41.84% | 83.67% |
| 7500 | अंग्रेजी | 38.84% | 80% |
| 7500 | पर्यावरण | 58.625% | 85.25% |






## • रचनात्मक मूल्यांकन:

### नियमित मासिक परीक्षण:

1. योगात्मक आकलन के अलावा, हम छात्रों की चल रही प्रगति और प्रमुख अवधारणाओं की महारत की निगरानी के लिए नियमित मासिक परीक्षण आयोजित करते हैं।

2. ये रचनात्मक आकलन शिक्षकों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति देते हैं जहां छात्रों को अतिरिक्त सहायता या संवर्धन की आवश्यकता हो सकती है और तदनुसार निर्देश समायोजित कर सकते हैं।

मासिक परीक्षण पेपर


SANKALP EK PRAYAS
Monthly Test August 2024

Subject – EVS
Class – 4
Time – 45 min.
Marks – 20

प्रश्न 1. पानी के विभिन्न स्रोतों के नाम लिखिए। (4)
प्रश्न 2. घर में पानी को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में लिखिए। (4)
प्रश्न 3. पौधे के अंगों के नाम लिखिए। (5)
(2)
प्रश्न 4. पौधे को बढ़ने के लिए किन - किन चीजों की आवश्यकता होती है ? (3)
प्रश्न 5. पांच फल और पांच फूलों के नाम लिखिए। (5)

## • पाठ मूल्यांकन:

### प्रत्येक पाठ के अंत में मूल्यांकन:

1.प्रत्येक पाठ के बाद, शिक्षक निर्देशात्मक वितरण और छात्र जुड़ाव की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक चिंतनशील मूल्यांकन करते हैं।

2.इस मूल्यांकन प्रक्रिया को पाठ योजना में ही एकीकृत किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि शिक्षक व्यवस्थित रूप से अपने शिक्षण प्रथाओं पर प्रतिबिंबित करते हैं और आवश्यकतानुसार समायोजन करते हैं।

3. प्रत्येक पाठ का मूल्यांकन करके, शिक्षक सुधार के लिए ताकत और क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं, निरंतर व्यावसायिक विकास में योगदान कर सकते हैं और छात्र सीखने के अनुभवों को बढ़ा सकते हैं।


SANKALP EK PRAYAS
Lesson Plan (August 2024)
Subject - EVS

दिनांक : - 03/08/2024
लेवल : - 4
विषय: - पानी और उसके स्रोत
समय :- 45 मिनट
उद्देश्य (Objective):-
परिणाम ( Outcome):-
आकर्षण ( Engage) ( 10 मिनट )
2. अन्वेषण( Explore) ( 10 मिनट )
स्पष्टीकरण(Explain) ( 10 मिनट )
विस्तार(Elaborate) ( 10 मिनट )
मूल्यांकन(Evaluation) ( 5 मिनट )
निष्कर्ष(Conclusion)

पाठ मूल्यांकन

# प्रतिक्रिया और समर्थन:

1. योगात्मक आकलन के अलावा, हम छात्रों की चल रही प्रगति और प्रमुख अवधारणाओं की महारत की निगरानी के लिए नियमित मासिक परीक्षण आयोजित करते हैं।





2. ये रचनात्मक आकलन शिक्षकों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति देते हैं जहां छात्रों को अतिरिक्त सहायता या संवर्धन की आवश्यकता हो सकती है और तदनुसार निर्देश समायोजित कर सकते हैं।

# प्रभाव और परिणाम:

1. योगात्मक और रचनात्मक आकलन दोनों को एकीकृत करके, हम छात्र प्रगति और उपलब्धि की संतुलित और गहन समझ सुनिश्चित करते हैं।






2. नियमित प्रतिबिंब और मूल्यांकन के माध्यम से, शिक्षक अपने निर्देशात्मक प्रथाओं को परिष्कृत करते हैं, जिससे छात्रों के लिए बेहतर सीखने के परिणाम और अधिक गतिशील और उत्तरदायी शैक्षिक वातावरण होता है।




संकल्प एक
प्रयास सोसाइटी
भिलाई

ऑफिस पता - विराट नगर उतई
जिला - दुर्ग छत्तीसगढ़

www.sankalpekprayas.org